**दिनांक 13.07.2026 को District Family Planning Indemnity Sub-Committee की आहूत बैठक की कार्यवाही।**

जिलाधिकारी सुपौल की अध्यक्षता में दिनांक 13.07.2026 को परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत District Indemnity Sub-Committee (DISC) की बैठक आहूत की गई जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित हुए--

1. डॉ0 बाबू साहब झा, सिविल सर्जन, सुपौल।
2. डॉ0 नूतन वर्मा, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, सुपौल।
3. बाल कृष्ण चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, सुपौल।
4. डॉ0 विनय कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ, सदर अस्पताल, सुपौल।
5. बबिता कुमारी ग्रेड ए नर्स, सदर अस्पताल सुपौल।

उक्त बैठक में निम्न निर्णय लिये गए--

- सर्वप्रथम उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल, त्रिवेणीगंज का पत्रांक-- 91(BPMU) दिनांक-- 27.04.2026 के द्वारा श्रीमती रूबी कुमारी (मृतक), पति-- दिनेश कुमार, ग्राम-- कुशहा, प्रखंड-- त्रिवेणीगंज, जिला-- सुपौल का बंध्याकरण ऑपरेशन के पश्चात मृत्यु हो जाने के फलस्वरूप राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना के द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्र पर अनुदान राशि प्राप्त करने हेतु सभी आलेखों को उपलब्ध कराया गया।
- सभी आलेखों के जाँचोपरान्त समिति के द्वारा पाया गया कि श्रीमती रूबी कुमारी (मृतक), पति-- दिनेश कुमार, का बंध्याकरण दिनांक-- 26.02.2026 को अनुमंडलीय अस्पताल, त्रिवेणीगंज में डॉ0 बी0 एन0 पासवान के द्वारा किया गया था। जिसकी मृत्यु दिनांक-- 27.02.2026 को अनुमंडलीय अस्पताल, त्रिवेणीगंज में हो गई।
- राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना के दिशा निर्देश के अनुसार सभी कागजातों की जाँच की गई एवं सही पाया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इनके दावा को राज्यस्तरीय Family Planning Indemnity Scheme के लिए भेजा जा सकता है। साथ ही अस्पताल प्रबंधन को सुदृढ करने हेतु निदेशित किया जाता है।

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

जिलाधिकारी--सह--अध्यक्ष,
District Indemnity Sub-Committee , Supaul

ज्ञापांक--464/डी.एच.एस., सुपौल, दिनांक-- 14/07/2026

प्रतिलिपि-- सिविल सर्जन--सह--उपाध्यक्ष, DISC, सुपौल को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि-- अपर मुख्य चिकित्सक पदाधिकारी--सह--सदस्य सचिव, DISC, सुपौल को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि-- जिला कार्यक्रम प्रबंधक--सह--फैसेलिटेटर, सुपौल को सूचनार्थ प्रेषित।

जिलाधिकारी--सह--अध्यक्ष,
District Indemnity Sub-Committee , Supaul



Scanned with CamScanner